Title: Need to include bogies of Second Class in "Kangra Queen" and extend it up to Jogendra Nagar in Himachal Pradesh.

श्री महेश्वर सिंह (मंडी) : महोदय, रेल मंत्री महोदय की अपार कृपा से पठानकोट जोगेन्द्रनगर रेलवे लाईन पर इसी वर्ष 'हिमालयन क्वीन' की तर्ज पर 'कांगड़ा क्वीन' चलाई गई है जो कि अभी केवल पालमपुर तक जाती है। जब यह रेल आरंभ की गई थी तो हमें यह आश्वासन दिया गया था कि यह ट्रेन अभी प्रायोगिक आधार पर पालमपुर तक चलाई जा रही है और जब इसका प्रयोग सफल होगा तो इसे जोगेन्द्र नगर जिला मंडी तक बढ़ा दिया जाएगा।

महोदय, मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक यह रेल आर्थिक दृष्टि से सफल नहीं हो रही है। इसका कारण यह है कि इसमें सब की सब बोगियां प्रथम श्रेणी की हैं और अभी फर्सट क्लास के लिए इतने यात्री इस क्षेत्र में मिलना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव हैं। जब धीरे-धीरे पर्यटन की कांगड़ा घाटी एवं मंडी जिले के पर्यटन स्थलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने लगेंगी तो निश्चित रूप से ये प्रथम श्रेणी की बोगियां भी कम पड़ जाएंगी तथा और अधिक बोगियां लगाने की मांग भी आ जाएगी। लेकिन मेरा सुझाव है कि हिमालयन क्वीन की भांति इस ट्रेन में भी अधिक से अधिक सैकिंड क्लास की बोगियां जोड़ी जाएं और केवल एक फर्सट क्लास की बोगी लगाई जाए। यदि ऐसा किया जाएगा तो जहां यह ट्रेन रेलवे को आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद रहेगी वहां सच्चे अर्थों में स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ-साथ मेरा यह अनुरोध भी है कि पूर्व में दिए गए आश्वासन के अनुसार इस रेलगाड़ी को जोगेन्द्र नगर तक बढ़ाया जाए ताकि कांगड़ा जिले के साथ-साथ मेरे चुनाव क्षेत्र से संबंधित मंडी जिले के लोग भी लाभान्वित हो सकें।